दैनिक भास्कर बुरहानपुर 16-05-2023

# मरीजों का हृदय व छाती रोग चिकित्सा परामर्श हुआ



सीएमडी ने स्वास्थ्य शिविर का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

**नेपानगर** | नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देव के मुख्य आतिथ्य में रविवार को जलगांव के अस्पताल द्वारा नेपा मिल अस्पताल के अफसर, कर्मचारियों सहित स्थानीय नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विशेष अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मिलिंद वायकोले, डॉ. रूपाली वायकोले व डॉ. कल्पेश गांधी ने 50 से अधिक लोगों का हृदय, छाती से संबंधित स्वास्थ्य की जांच कर औषधियां और चिकित्सकीय परामर्श दिया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेशन, प्रबंधक कार्मिक और प्रशासन महेंद्र केसरी, नेपा अस्पताल के उप मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार झंझड़ीवाल, डॉ. बीपीएस रघुवंशी, डॉ. यशवंत पाटिल, डॉ. मसूद मशरूवाला सहित अफसर अन्य अफसर, कर्मचारी मौजूद थे।

# नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में हृदय रोग उपचार शिविर संपन्न





नेपानगर। भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड संस्थान के प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देव के नेतृत्व में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय परिसर में नगर वासियों को हृदय रोग उपचार के लिए मिली नई सोगात।

संस्थान के अध्यक्ष व प्रबंधक निर्देशक कमोडोर सौरभ देव के मुख्य आतिथ्य में महाराष्ट्र के संजीवनी हार्ट हॉस्पिटल जलगांव द्वारा नेपामिल के कर्मचारियों अधिकारियों सहित स्थानीय नागरिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में विशेष अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मिलिंद बायकोले ,डॉ रुपाली बायकोले और डॉक्टर कल्पेश गांधी द्वारा लगभग50 रोगियों के हृदय और छाती से संबंधित स्वास्थ्य की जांच कर औषधि चिकित्सा परामर्श निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर मिल के मुख्य महाप्रबंधक राम अलावेसन प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केसरी नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झन्झड़ीवाल, डॉक्टर बी पी एस रघुवंशी, डॉ यशवंत पाटिल सहित स्वास्थ्य कर्मचारी, अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे।